# चित्रकूट पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में श्री निशिकान्त राय प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद किया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 24.05.2026 को एक वादिनी द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी गयी थी कि दिनांक 23.05.2026 को करीब 10 बजे रात्रि में पूरा परिवार खाना खाके सो गया सुबह जब नींद खुली को वादिया की लड़की उम्र करीब 17 वर्ष घर से बिना बताये कहीं चली गई। वादिया व उसके परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर कोई पता नही चल सका। सूचना के आधार पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 77/2026 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं पीड़िता की बरामदगी हेतु उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह को निर्देशित किया गया। उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मुखविर की सूचना पर पीड़िता को बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

**बरामद करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह
2.रि0 आरक्षी मृगांक पाठक
3.रि0 आरक्षी शिवम यादव
4.रि0 आरक्षी अमित कुमार यादव

(3).माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगी आदित्यनाथ जी के दिनांक 08 एवं 09 जुलाई 2026 को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा,कानून-व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 07 जुलाई 2026 को पुलिस लाइन चित्रकूट स्थित कान्हा सभागार में सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग आयोजित की गई।

ब्रीफिंग की अध्यक्षता श्री अजीत कुमार, मंडलायुक्त चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा एवं श्री राजेश एस., पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा द्वारा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन, भ्रमण मार्ग, कार्यक्रम स्थलों, हेलीपैड, पार्किंग स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ करें तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहें।

यातायात एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्यक्रम स्थलों पर बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, रूट डायवर्जन तथा जनसमूह के सुचारु संचालन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को न्यूनतम असुविधा हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रहे।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु 04 अपर पुलिस अधीक्षक, 19 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 72 निरीक्षक, 242 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 16 महिला उपनिरीक्षक, 1050 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 165 महिला आरक्षी, 70 यातायात उपनिरीक्षक/मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 25 एलआईयू उपनिरीक्षक/मुख्य आरक्षी/आरक्षी तथा पीएसी की 03 कंपनियां लगाई गई हैं।

पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपादन प्रशासन एवं पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।
ब्रीफिंग के दौरान श्री चन्द्रशेखर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), श्री स्वपनिल कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), श्री डी.पी. पाल, मुख्य विकास अधिकारी, श्री पीयूष कान्त राय, अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, श्री सतेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, श्री यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी राजापुर, श्री फहद अली, क्षेत्राधिकारी मऊ, श्रीमती करिश्मा गुप्ता, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात, श्री राजकमल, क्षेत्राधिकारी लाइन्स सहित बाह्य जनपदों से आए समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के भ्रमण कार्यक्रम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।